# सराहनीय कार्य

## इटावा पुलिस

***#CRACKDOWN***

***प्रेस नोट- दिनांक 17.08.2025***

**चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुये इटावा पुलिस द्वारा 01 हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार ,**

**कब्जे से 01 महिन्द्रा ट्रेक्टर(चोरी का), (01 तमंचा 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 03 खोखा कारतूस 315 बोर किया गया बरामद ।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन में इटावा पुलिस **थाना बकेवर पुलिस द्वारा** की गयी कार्यवाही ।

**घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-**

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं चोरी/लूट की घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी के क्रम में दिनांक 17.08.2025 को थाना बकेवर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत इकनौर तिराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग की जा रही थी । इसी दौरान महासिंगपुरा की ओर से 01 महिन्द्रा ट्रैक्टर आता हुआ दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया तो ट्रैक्टर सवार व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर भागने लगे । थाना बकेवर पुलिस टीम द्वारा पीछा किया तो ट्रैक्टर सवार व्यक्तियों ने पुनः ट्रैक्टर को रोककर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करने लगे । पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी जिसकी **01 गोली अभियुक्त चन्दू उर्फ चन्द्रशेखर पुत्र स्व0 अंगद के दाहिने पैर में** लगी जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया ।

**नोटः-** 01 अभियुक्त अँधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत है ।

**पुलिस पूछताछः-**

पकड़े गये अभियुक्त से नाम पता पूछते हुये उनकी तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से कुल 01 तमन्चा 315 बोर, 03 खोखा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर के बरामद किये गये । पुलिस टीम द्वारा भागे हुये व्यक्ति के बारे मे पूछने पर चन्दू उर्फ चन्द्रशेखर ने बताया कि उसका नाम ऋषि पुत्र स्व0 अंगद सिंह निवासी सूजीपुरा थाना भरथना जनपद इटावा है जो मेरा सगा भाई है । तथा ट्रैक्टर के संबंध में पूछने पर उसके द्वारा बताया गया कि यह ट्रैक्टर हम दोनों ने मिलकर आज रात्रि को चोरी किया हुआ है, जिसके संबंध में जानकारी की जा रही है ।

**उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी एवं पुलिस मुठभेड के सम्बन्ध में थाना बकेवर पर मु0अ0सं0 241/25 धारा 317(5)/109(पुलिस मुठभेड) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया ।**

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. चन्दू उर्फ चन्द्रशेखर पुत्र स्व0 अंगद निवासी सूजीपुरा थाना भरथना जनपद इटावा उम्र करीब 35 वर्ष । **(HS.NO.) 216A**

**आपराधिक इतिहासः-**

**अभियुक्त चन्दू उर्फ चन्द्रशेखर पुत्र स्व0 अंगद (HS.NO.) 216A**

1. मु0अ0सं0 308/21 धारा 120B/326A/34 भादवि थाना कोतवाली कोंच जनपद जालौन।
2. मु0अ0सं0 80/20 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट थाना भोगॉव जनपद मैनपुरी।
3. मु0अ0सं0 61/20 धारा 342/394/411/420 भादवि थाना भोगॉव जनपद मैनपुरी।
4. मु0अ0सं0 78/20 धारा 307 भादवि थाना भोगॉव जनपद मैनपुरी।
5. मु0अ0सं0 437/20 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना भोगॉव जनपद मैनपुरी।
6. मु0अ0सं0 181/15 धारा 379/504/506 भादवि थाना भरथना जनपद इटावा।
7. मु0अ0सं0 403/16 धारा 364/302/201/394/411 भादवि थाना भरथना जनपद इटावा।
8. मु0अ0सं0 73/17 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट थाना भरथना जनपद इटावा।
9. मु0अ0सं0 772/17 धारा 323/506 भादवि थाना भरथना जनपद इटावा।
10. मु0अ0सं0 339/19 धारा 60 आबकरी अधिनियम थाना भरथना जनपद इटावा।
11. मु0अ0सं0 18/20 धारा 420/41/102/411/414 भादवि थाना भरथना जनपद इटावा।
12. मु0अ0सं0 48/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना भरथना जनपद इटावा।
13. मु0अ0सं0 04/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना भरथना जनपद इटावा।
14. मु0अ0सं0 740/18 धारा 379/411/413/420/467/468/471 भादवि थाना फ्रैण्ड्स कालोनी जनपद इटावा।
15. मु0अ0सं0 35/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व 303(2)/317(2) बीएनएस थाना सहसो जनपद इटावा।
16. मु0अ0सं0 188/16 धारा 379/411 भादवि थाना बकेवर जनपद इटावा।
17. मु0अ0सं0 241/25 धारा 109(पुलिस मुठभेड़)/317(5) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना बकेवर जनपद इटावा।

**बरामदगीः-**

1. 01 तमंचा 315 बोर।
2. 03 खोखा कारतूस 315 बोर।
3. 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर ।
4. 01 महिन्द्रा ट्रैक्टर **(चोरी का)**

**पुलिस टीमः-** उ0नि0 विपिन मलिक थानाध्यक्ष बकेवर, उ0नि0 हाकिम सिंह, उ0नि0 विनीत पाण्डे मय टीम।

